9

लड़का-लड़की की गफलत

14

रसायन शास्त्र में क्रांति का ज़माना

29

झाग गिराकर गर्मी से बचता है कछुआ

34

जीवों में ऑउटसोर्सिंग

मार्च में विज्ञान दिवस

विल्हेम रॉन्टजन

03 मार्च **:** ***अलेक्ज़ेंडर ग्राहम बेल*** (1847-1922) का जन्म दिन। ***ग्राहम बेल*** ने टेलीफोन का अविष्कार किया था। टेलीफोन के लिए पहला अमेरिकी पेटेन्ट 1876 में ग्राहम बेल को मिला।

14 मार्च **:** ***अलबर्ट आइंस्टाइन*** (1879-1955) का जन्म दिन है। ***आइंस्टाइन*** ने सापेक्षता का सिद्धांत दिया। प्रकाश विद्युत प्रभाव की व्याख्या के लिए 1921 में इन्हें भौतिकी का नोबल पुरस्कार दिया गया। वैसे इनकी सबसे प्रसिद्ध समीकरण $E = mc^2$ है।

16 मार्च **:** ***जार्ज सिमोन ओम*** (1787-1854) का जन्म दिन है। ***ओम*** ने विद्युत का नियम $I = V/R$ दिया। इसे उनके सम्मान में ओम का नियम कहते हैं।

18 मार्च **:** ***रुडोल्फ डीज़ल*** (1858-1913) का जन्म दिन है। ***डीज़ल*** ने डीज़ल इंजन की खोज की।

21 मार्च **:** ***विश्व वानिकी दिवस***।

22 मार्च **:** ***विश्व जल दिवस***।

23 मार्च **:** ***विश्व मौसम विज्ञान दिवस***।

24 मार्च **:** ***विश्व क्षय रोग दिवस***।

27 मार्च **:** ***विल्हेम रॉन्टजन*** (1845-1923) का जन्म दिन। जर्मन भौतिक शास्त्री ***रॉन्टजन*** ने एक्स-रे की खोज की थी। पहला नोबल पुरस्कार 1901 में भौतिकी के लिए रॉन्टजन को मिला।

आइंस्टाइन



रॉन्टजन द्वारा खींचा गया पहला एक्स रे चित्र